# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–04.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **भारत ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तानी जहाजों, व्यापार और डाक सेवाओं पर लगाया प्रतिबंध ।**

- **जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में छत गिरने से 3 मरीजों की मौत, 2 घायल, मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक, मृतकों के आश्रितों पांच पांच लाख के मुआवजे की घोशणा।**

- **देश भर में नीट–यूजी परीक्षा आज, करीब तीन लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल, जिला, राज्य और केन्द्र स्तर पर होगी निगरानी ।**
- **मौसम विभाग ने राज्य के 20 जिलों में आज गर्जन के साथ बारिश, आंधी और वज्रपात को लेकर जारी किया ऑरेंज अलर्ट।**

- **आज से पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की होगी शुरूआत, झारखंड तीरंदाजी, फुटबॉल बालक एवं बालिका, साइक्लिंग, मलखंब,सेपक टकरा की टीम लेंगी हिस्सा।**

********************

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर, भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। नौवहन महानिदेशालय ने कहा है कि पाकिस्तान के झंडे वाले किसी भी जहाज को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें यह भी कहा है कि भारतीय ध्वज वाले जहाज भी पाकिस्तान के किसी भी बंदरगाह पर नहीं जाएंगे। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक लागू किए गए हैं। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले सभी डाक सेवाओं पर भी रोक लगा दी है।

********************

जमशेदपुर के साकची स्थित एमजीएम अस्पताल में देर रात बड़ा हादसा हुआ। अस्पताल की चार मंजिला मेडिसिन वार्ड की छत ढहने से तीन मरीजों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण कहा । श्री सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंची है ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इस बाबत भी उचित कार्रवाई और कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देश दिया गया है । इधर घटना के बाद देर रात पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मृतकों के आश्रितों को पांच–पांच लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा की घटना के लिए जो भी दोषी होंगे, उसपर कार्रवाई की जाएगी

********************

वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 6 मई को चतरा जिले के दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के साथ आकांक्षी प्रखंड मयूरहंड का दौरा करेंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है।

********************

मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स आज संपन्न हो रहा है। आज अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र होंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

********************

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि वेव्स बाजार 2025 ने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया है। श्री जाजू ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि वेव्स बाजार में शीर्ष स्तर की कंपनियां भाग ले रही हैं।

********************

हजारीबाग जिले में विनोवा भावे विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में एक राष्ट्र एक निर्वाचन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सासद मनीष जायसवाल मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि यह देश की मांग है कि राष्ट्र के विकास के लिए एक राष्ट्र एक निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया जाए।

********************

पूर्वी रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए देवघर–गोड्डा ट्रेन और देवघर–भागलपुर मेमू स्पेशल ट्रेनों के संचालन को 9 मई तक बढ़ाने की घोषणा की

********************

झारखंड समेत आज देश भर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 13 शहरों में पांच हज़ार से अधिक केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ली जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी देने वाले 165 से अधिक टेलीग्राम चैनलों तथा 32 से अधिक इन्स्टाग्राम चैनलों पर कार्रवाई की गई है। एनटीए ने विद्यार्थियों से भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है।

********************

गढ़वा जिले में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल रूआर 2025 अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अनामांकित और ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य में छह मई तक आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। आज भी रांची समेत 20 जिलों में आंधी के साथ बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

********************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 आज बिहार के पांच शहरों–पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगूसराय में शुरू होगा। कुछ खेलों का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा। इधर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने झारखंड तीरंदाजी, फुटबॉल बालक एवं बालिका, साइक्लिंग, मलखंब,सेपक टकरा की टीम रवाना हो गई।

********************

दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप झारखंड रांची के खेल गांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई।प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान टीम झारखंड के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया और 12 स्वर्ण पदक लेकर पहले स्थान पर रहे।

********************

झारखंड राज्य स्तरीय अंडर–17 सब–जूनियर बालक/बालिका कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल –2025 रांची में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न जिले से 116 कुश्ती खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

प्रदेश में अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरूआत की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान लिखता है**–झारखंड पहला राज्य जहां वकीलों का स्वास्थ्य बीमा।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–एमजीएम मेडिकल कॉलेज की छत गिरी, 3 मरीजों की मौत।

**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–चिटफंड कंपनियों के नाम पर खरीदी गई संपत्तियों का ब्यौरा जुटा रहा ईडी।

**प्रभात खबर ने लिखा है**–पाकिस्तान की कमर तोड़ रहा भारत, पाकिस्तान से सौदे और संदेश का रिश्ता खत्म, बंदरगाह बंद।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने गोवा में हुए हादसे की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त********